ई, मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन / फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 63 / 12-1 (2) दिनांक 06 / 7 / 2020::

सेवा में

प्रधानाचार्य,
राजकीय पॉलीटैक्निक, चोपता,
रुद्रप्रयाग।

विषयः– **जनपद रुद्रप्रयाग में राजकीय पॉलीटेक्निक चोपता, (कुण्डा दानकोट) रुद्रप्रयाग के निर्माण हेतु 2.00 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव।**
Proposal No.-FP/UK/OTHERS/44711/2018

महोदय,

उपरोक्त वन भूमि हस्तान्तण प्रस्ताव में हस्तान्तरित होने वाली वन भूमि के एवज में दण्डात्मक क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम स्वांरी ग्वांस की चयनित सिविल भूमि 8.00 है0 का राजस्व विभाग एवं वन विभाग के साथ स्थलीय निरीक्षण कर इस आशय का प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रेषित करें कि ग्राम स्वांरी ग्वांस की चयनित सिविल भूमि दण्डात्मक क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है तथा इस भूमि का हरियाली का घनत्व 40 प्रतिशत से कम है एवं दण्डात्मक क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र का डिजिटल मानचित्र/टोपोशीट मानचित्र मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0 सैल वन मुख्यालय, 87 राजपुर, देहरादून से तैयार कर वन क्षेत्र अधिकारी, राजस्व विभाग व प्रस्तावक विभाग के हस्ताक्षर करवाकर इस कार्यालय को प्रेषित करें, तत्पश्चात् प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जानी सम्भव होगी।

भवदीय

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग,रूद्रप्रयाग।

संख्या 63 / *दिनांकित।*

प्रतिलिपि :– वन क्षेत्राधिकारी, अगस्त्यमुनि रेंज को इस आशय से प्रेषित कि आप प्रस्तावक विभाग से सम्पर्क कर यथा स्थान पर पहुंचकर उक्त चयनित भूमि का डिमार्केशन/स्थाई चिन्हीकरण होने के उपरान्त ही स्थलीय निरीक्षण कार्य करवाना सुनिश्चित करें तथा उक्त दण्डात्मक क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र का डिजिटल मानचित्र/टोपोशीट मानचित्र तैयार करने हेतु की जी0पी0एस0 रीडिंग व उपयुक्तता प्रमाण पत्र/निरीक्षण आख्या हस्ताक्षरोपरान्त प्रस्तावक विभाग को प्रेषित कर इस कार्यालय को भी अवगत करायें।

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।